दिनांक: 06.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत देश में वर्ष 2011 से 2020 के दौरान हर साल लगभग 60 हजार से 70 हजार बच्चों को अकाल मृत्यु से बचाया गया है। प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका 'नेचर' में यह जानकारी दी गई है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और ओहायो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने स्वच्छ भारत अभियान और भारत में शिशु तथा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर के बीच संबंध को लेकर एक अध्ययन किया था। अध्ययन के अनुसार देश में स्वच्छ भारत अभियान की अवधि के बाद और इससे पहले के वर्षों की तुलना में शिशु और बाल मृत्यु दर में तेजी से कमी देखी गई है। 'नेचर' पत्रिका की इस रिपोर्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वे स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों के प्रभाव को बताने वाले शोध को देखकर खुश हैं।

....

राज्य सरकार ने बड़ा फेरबदल करते हुए 108 आई.ए.एस. अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। 20 अधिकारियों को उनके विभाग के अलावा अन्य विभागों का प्रभार भी दिया गया है। कई अधिकारियों को पदस्थापन की प्रतीक्षा में भी रखा गया है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार आईएएस रवि जैन को पर्यटन विभाग का शासन सचिव, डॉ. समित शर्मा को पशुपालन मत्स्य एवं गोपालन विभाग का शासन सचिव, रवि कुमार सुरपुर को वित्त (राजस्व), आरुषि मलिक को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, डॉ. जोगाराम को सामान्य प्रशासन मंत्रिमंडल सचिवालय, पी. रमेश को देवस्थान विभाग का शासन सचिव और आरती डोगरा को जयपुर डिस्कॉम्स का अध्यक्ष और जेवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक पद पर लगाया गया है। तबादला सूची में कई जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। जयपुर जिला कलेक्टर के पद पर लगाए गए जितेन्द्र कुमार सोनी ने आज अपना पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री सोनी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों को दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

....

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हो रही तेज बारिश से कई बांध लबालब हो गए हैं। वहीं कई बांध छलकने को तैयार हैं। टोंक के बीसलपुर बांध के ओवरफ्लो होने के बाद आज जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और ज़िला कलेक्टर डॉ सौम्या झा ने बटन दबाकर बांध के दो गेट खोले। दोनों गेट एक–एक मीटर खोलकर 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बीसलपुर बांध के सालों बाद ओवलफ्लो होने से लोगों में खुशी का माहौल है। गेट खोलने के नजारे को देखने के लिए काफी संख्या में लोग वहां पहुंचे हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये हैं और लोगों को सचेत रहने की अपील की है। अजमेर में फाय सागर और आना सागर में चादर चल रही है। भरतपुर में तेज बारिश के कारण बरेठा बांध में पानी की आवक लगातार बनी हुई है। जल संसाधन विभाग के अभियंता ने बताया कि बांध लबालब हो गया है। पानी की आवक बनी रहने पर बांध के गेट खोले जाने की संभावना है। पाली जिले में 11 से ज्यादा बांध पूरे भर गए हैं। इस बीच, पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर बादल गरजने के साथ वर्षा हुई। भीलवाड़ा जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 11 सेंटीमीटर बारिश भीलवाड़ा के शाहपुरा में हुई। भीलवाडा के हुरड़ा और बनेड़ा में 7–7, बूंदी के तालेड़ा, चित्तौडगढ के निम्बाहेडा, भीलवाडा के रायपुर और जयपुर के चाकसू में 6–6 सेंटीमीटर पानी बरसा। राजधानी जयपुर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। कई स्थानों पर रुक–रुक कर बरसात हो रही है। दौसा में भी सुबह से ही बारिश का दौर जारी है।

....

कल मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी पर्व के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। कई स्थानों पर मेले भर रहे हैं। जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में आज से मेला भर रहा है। इसे

ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डीसीपी यातायात सागर राणा ने बताया कि कल मेला समाप्ति तक, त्रिमूर्ति सर्किल से जेडीए चौराहा, तख्तेशाही रोड और धर्मसिंह सर्किल से गणेश मंदिर की ओर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से चलाया जाएगा। उधर, सवाईमाधोपुर का त्रिनेत्र गणेश मेला भी आज से विधिवत रूप से शुरू हो गया है। तीन दिन तक भरने वाले मेले में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

....